Daily Current Affairs 04 April 2022

आज का मुख्य समाचार इसमें शामिल हैं राष्ट्रीय करंट और अंतरराष्ट्रीय करंट जो आपकी हर एग्जाम के लिए महत्वपूर्ण है

1. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 का लोगों शुभंकर जर्सी ओर एंथन किया गया लॉन्च
• 1 अप्रैल 2022 को कर्नाटक के राज्यपाल टीसी गहलोत केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बेंगलुरु केसरी कांतीरवा स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 के लोगो जर्सी शुभंकर और एंथम लांच किया है।

2. सेना चिकित्सा कोर ने अपना 258 वा स्थापना दिवस मनाया
• भारतीय सेना ने 3 अप्रैल 2022 को सेना चिकित्सा कोर का 258 स्थापना दिवस मनाया है। सेना चिकित्सा कोर का आदर्श वाक्य सर्वे संतु निरामय है जिसका अर्थ है सभी को रोग और दिव्यांगता से मुक्त होने दे। सेना चिकित्सक और अपनी स्थापना के बाद से ही सशस्त्र कमियों के लिए स्कीनिंक और उपचार सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है।

3. डॉ एस राजू बने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के नए महानिदेशक
•1 अप्रैल 2022 को डॉ एस राजू ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया उन्होंने आर एस गरखल का स्थान लिया, जो 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
•वर्तमान पद सामान्य से पहले डॉ राजू जी एस आई मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक और मिशन-3 और 4 के राष्ट्रीय प्रमुख के पद पर थे।

4. स्कूली विद्यार्थियों के लिए देश की पहली कौशल चैंपियनशिप जूनियर स्किल्स 2021 नई दिल्ली में हुई संपन्न
• 2 अप्रैल 2022 को स्कूली विद्यार्थियों के लिए देश की पहली कौशल चैंपियनशिप जूनियर स्किल्स 2021 नई दिल्ली में संपन्न हुई इसमें 60 से अधिक विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए।

5. पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इमरान खान की सिफारिश के बाद नेशनल असेंबली भंग की
• 3 अप्रैल 2022 को पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को बिना मतदान के ही खारिज कर दिया गया।
• नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष कासिम खान सूरी ने विदेशी साजिश का आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव को पाकिस्तान संविधान के अनुच्छेद 5 के खिलाफ करार देते हुए खारिज कर दिया। पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद 5 के अनुसार राष्ट्रीय के प्रति निष्ठा प्रत्येक नागरिक का मूल करते हुए हैं।

6. ग्रेजुएट होने के लिए अब मेडिकल स्टूडेंट को करना पड़ेगा योग, लेनी होगी महर्षि चरक शपथ
• देश में चिकित्सा शिक्षा के नियामक राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग मेडिकल छात्रों की ओर से ली जाने वाली है हिप्पोक्रेटिक शपथ को महर्षि चरक शपथ से बदलने की सिफारिश की है। इसकी शुरुआत में

Daily Current Affairs 04 April 2022

एमबीबीएस छात्रों के मौजूद बैच से होगी। इसके साथ ही मेडिकल विद्यार्थियों के लिए योग फाउंडेशन कोर्स भी शुरू किया जाएगा।

7. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वणिका इंक निर्माण इकाई को राष्ट्रीय को किया समर्पित
• भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रन प्राइवेट लिमिटेड ने कर्नाटक के मैसूर में वर्णिका नामक एक स्याही निर्माण इकाई की स्थापना की है।

8. केंद्र सरकार ने असम नागालैंड और मणिपुर में दशकों बाद अफ्स्पा का क्षेत्र घटाया
• केंद्र सरकार ने तीन पूर्वोत्तर राज्यों असम नागालैंड और मणिपुर के के में लागू सशस्त्र बल अधिनियम 1958 को 1 अप्रैल 2022 से आवश्यक रूप से वापस ले लिया है।

9. उत्तर प्रदेश बना भारत का शीर्ष सब्जी उत्पादक राज्य
• हाल ही में लोकसभा में रखे गए आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश ने सब्जियों के मामले में सिर्फ उत्पादक राज्य के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है। और पश्चिम बंगाल को 2 साल बाद दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। लेकिन इस बार दोनों के बीच का अंतर 10 लाख टन से अधिक है। वहीं आंध्र प्रदेश शीर्ष फल उत्पादक बना हुआ है।

10. श्रीलंका में आर्थिक संकट आपातकाल तक आया, भारत में मदद के लिए हाथ बढ़ाया
•श्रीलंका इस समय आजादी के बाद के सबसे खराब आर्थिक दौर से गुजरा है। स्थिति बद से बदतर की ओर जाती दिख रही है। इस बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल लागू कर दिया है।
•इस तरह सुरक्षा एजेंसियों को असंतोष से निपटने के लिए असीमित अधिकार मिल गए हैं। राष्ट्रपति आवास के बाहर हुए जबरदस्त प्रदर्शनों के बाद यह कदम उठाया गया है। नाराज नागरिक देश में या पद और आर्थिक संकट के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे थे। आपातकाल 1 अप्रैल 2022 से लागू हुआ है।

उम्मीद है दोस्तों आज का करंट अफेयर आपको पसंद आया होगा इसकी आप पीडीएफ फ्री डाउनलोड कर सकते हो आपको हर रोज ऐसे ही करंट अफेयर आप तक पहुंचाते रहेंगे तो हमेशा हमारे साथ जुड़े रहे आप आपका धन्यवाद।